विचारार्थ विषय

परामर्शदाता - किशोर स्वास्थ्य (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व :

- उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आरकेएसके के प्रचालन की योजना तैयार करना।
- प्रशिक्षण आरंभ करने और कार्यक्रम क्रियान्वयन हेतु एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू, राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के बीच समन्वय करना।
- मानदंड, उपकरणों का विकास तथा कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से आरंभ किया जाना सुनिश्चित करना।
- आरसीएच के भीतर विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभावी एकीकरण हेतु अवसरों की पहचान करना ताकि उस लक्षित समूह को सहायता दी जा सके और यह निर्धारित करना कि यह किस प्रकार होगा।
- प्रमुख मंत्रालयों/विभागों के बीच समन्वय की प्रणालियों सहित एक समन्वय ढांचा तैयार करना।
- आरकेएसके घटक हेतु राज्य/संघ राज्य क्षेत्र कार्यक्रम क्रियान्वयन योजना (पीआईपी) का मूल्यांकन करना।
- सर्वोत्तम परिपाटियों की पहचान करना, उनका प्रलेखन करना और प्रसार करके जानकारी का प्रबंधन करना।
- सेवा प्रदानगी / गुणवत्ता में सुधार करने के लिए योजना और निगरानी प्रणालियों में सतत् सुधार लाने हेतु राज्यों को सहायता प्रदान करना।
- राज्य पीआईपी के आंकड़ों का विश्लेषण करने और घटकों की निगरानी करने हेतु वार्षिक समीक्षा/उपकरणों का पुन: डिजाइन बनाना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि लक्ष्य, कार्यनीतियां और बजट आंतरिक रूप से स्थिर हों।
- वेब आधारित एचएमआईएस, फील्ड दौरों आदि से प्राप्त रिपोर्टों/ उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण करके अनुमोदित योजना की प्रगति का आकलन करना।
- गुणवत्ता के क्षेत्र में सुदृढ़ और कमजोर पक्षों की पहचान के लिए विशेष रूप से सेवा प्रदानगी की निगरानी हेतु नियमित क्षेत्रीय दौरे करना और इसके समाधान पर विचार-विमर्श करना

और सहमति बनाना। यह सुनिश्चित करने के लिए फालोअप करना कि सहमत उपायों का क्रियान्वयन किया गया है (प्रतिमाह न्यूनतम 8-10 दिनों के दौरों की परिकल्पना की गई है)।

- राज्यों के दौरों हेतु चेक लिस्ट बनाना (लक्षित समूह को सेवा प्रदानगी तथा उसके उपयोग पर बल देने के साथ); आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करना।
- अंतर्विभागीय / अंतर-मंत्रालयी समन्वय से संबंधित प्रगति पर एक मैट्रिक्स तैयार करना जिसमें उनकी स्पष्ट निर्धारित भूमिका और जिम्मेदारियां हों ।
- उपर्युक्त सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें।

पात्रताः

- किसी विख्यात और मान्यता-प्राप्त संस्थान से सामाजिक कार्य / स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री/ एमबीए।
- जन स्वास्थ्य क्षेत्र में न्यूनतम 4-6 वर्ष का अनुभव। किशोर स्वास्थ्य में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी। जन स्वास्थ्य प्रणाली, और संगत सरकारी नीतियों / कार्यनीतियों, विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य स्वास्थ्य सोसायटियों से परिचित हों। राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर एनएचएम / आरसीएच में कार्य कर चुके उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- किशोर स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुभव वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।
- जन स्वास्थ्य प्रणाली और विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य सोसाइटियों से संगत सरकारी नीतियों/कार्यनीतियों की जानकारी होनी चाहिए।
- राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर एनएचएम/आरसीएच में जिन अभ्यर्थियों ने कार्य किया है उन्हें वरीयता दी जाएगी।
- अंग्रेजी बोलने और लिखने का अच्छा ज्ञान हो तथा हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान होना आवश्यक है।
- एमएस ऑफिस, एमएस वर्ल्ड, एक्सेल, पावर प्वॉइंट जैसे आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकजों की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में पारंगत हों और संगत आंकड़े तथा दस्तावेज ढूंढने के लिए वेब सर्फिंग कर सकें।
- बहु-विषयक दल के परिवेश में कार्य करने की क्षमता।
- परियोजनाओं की समय-सीमा के भीतर कार्य करने के साथ-साथ कई अलग-अलग परियोजनाओं पर कार्य करते हुए तकनीकी सहायता और क्षमता उपलब्ध कराने हेतु राज्य और जिलों की यात्रा करने हेतु तैयार रहना।
- उच्च कोटि के प्रकाशित कार्य अथवा विशिष्ट क्षेत्र में संगत कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

आयु: 1.4.2016 को अधिकतम आयु 55 वर्ष तथा अत्यधिक फील्ड दौरे करने हेतु अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक: प्रतिमाह 90,000 रु. से 1,30,000 रुपए के बीच।

स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक 04.06.2016 को अपराह्न 4:00 बजे तक ई-मेल **consultant.ah@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।